Sl. No. :

BHN-11

Total No. of Pages : 2

First Year B.A. Degree Examination, May/June - 2025
(SLM Scheme)
HINDI (हिन्दी) (Optional)
Texts : द्रौपदी, परिवेश अनदेखे अनजान पुल तथा जिनके साथ जिया

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : ***All sections are compulsory.***

SECTION - A

I. किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **[4 × 5 = 20]**

1) कौन खोता, कौन पाता ।
मात्र व्यंग – विनोद ।
द्यूत की चौपड़ पडी है,
मृत्तिका की गोद ।

2) प्रवज्या का व्रत लिए बिन, कौन जन – नायक बना?
कौन निर्वासित हुए बिन, आत्म परिचायक बना?
देश की आत्मा प्रतिष्ठित तपोवन में सर्वदा;
कुन्तिनन्दन के लिए यों विपिन फलदायक बना ।

3) तुम्हारे आँगन में फूलों के पौधे नहीं लग सकते क्योंकि
तुम्हारे व्यंग्य की लपट से जल जायेंगे । इसलिए तुम अपने
आँगन में बबूल, भटकटैया और धतूर के पौधे लगे हो
ताकि हमें भी मालूम हो कि कौन किसे चुभता है – तुम
बबूल को या बबूल तुम्हें ।

4) शिरीष पुष्प केवल भौरों के पदों का कोमल
दबाव सहन कर सकता है, पक्षियों का बिल्कुल नहीं ।

5) आपके कारण यह नुमायश देख ली । दादा तो पता नहीं किसके साथ रह गए, देख आओ ..... ।

6) कभी किसी तरह का काम हो, कोई भी ज़रूरत हो, तो मुझे लिखना । अपना समझकर मुझे याद करोगी, तो मुझे हार्दिक प्रसन्नता होगी ।

SECTION - B

II. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[3 × 10 = 30]**

7) 'आधी रात : रेल की सीटी' शब्द चित्र का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

8) 'बैंगन का लगना विकास का संकेत है आँगन में बैंगन' निबंध के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए ।

9) 'द्रौपदी' खण्डकाव्य के आधार पर प्रथा या कुंती के बारे में पुराणों में क्या कहा गया है? स्पष्ट कीजिए ।

10) 'अनदेखे अनजान पुल' उपन्यास में चित्रित सामाजिक समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

11) 'संपादकाचार्य अंबिकाप्रसाद वाजपेयी' संस्मरण के आधार पर वाजपेयी राजनीतिज्ञ से बढ़कर साहित्यज्ञ थे' – इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

SECTION - C

III. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[2 × 15 = 30]**

12) 'हमारे घर के देवता' सुमित्रानंदन पंत जी संस्मरण का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

13) 'द्रौपदी' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

14) 'अनदेखे अनजान पुल' उपन्यास में निन्नी पात्र के माध्यम से उपन्यासकार ने किस प्रकार मानसिक समस्याओं का चित्रण किया है? समझाइए ।

15) 'महादेवी जी के सानिध्य में' संस्मरण के आधार पर महादेवी के कर्मठ व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

♦ ♦ ♦